


## एक नजर में

### पपडेल मण्डल में धर्मध्वजा स्थापना



**खिलचीपुर 05 जनवरी, सं.** आगामी 10 जनवरी को विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर ग्राम पपडेल में विधि–विधान से भव्य धर्मध्वजा की स्थापना की गई . इस पावन अवसर पर आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, समाजसेवी, युवा वर्ग एवं मातृशक्ति ने सहभागिता कर आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया . ग्राम भ्रमण के दौरान ग्रामीणों द्वारा स्थान–स्थान पर पुष्पवर्षा कर यात्रा का आत्मीय स्वागत किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण धर्ममय एवं उल्लासपूर्ण हो गया . ग्राम भ्रमण पश्चात धर्मध्वजा यात्रा सम्मेलन स्थल पर पहुंची, जहां आयोजन समिति एवं ग्राम प्रमुखों द्वारा विधिवत पूजन–अर्चन कर धर्मध्वजा की प्रतिष्ठा की गई . इस अवसर पर विभिन्न गांवों से पधारे ग्राम प्रमुखों को कलश में अक्षत रखकर धर्मध्वजा प्रदान की गई, ताकि गांव–गांव तक सम्मेलन का संदेश पहुंच सके . कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रकाश गहलोत (विभाग कार्यकारिणी सदस्य) ने कहा कि हिंदू समाज की एकता, सांस्कृतिक चेतना एवं सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के लिए ऐसे विराट आयोजनों की अत्यंत आवश्यकता है . उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में हिंदू सम्मेलन में सहभागिता करने का आह्वान किया . इस अवसर पर बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी नागरिक, वरिष्ठजन, युवा कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति उपस्थित रही .

### कॉलेज चलो अभियान, प्रथम चरण का समापन



**राजगढ़ 05 जनवरी, का .** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 5 दिसंबर 2025 से प्रारंभ किए गए कॉलेज चलो अभियान अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय नरसिंहगढ़ द्वारा प्राचार्य डॉ . चेतन कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में शेफील्ड हायर सेकेण्डरी स्कूल, सेण्ड जोसफ़ कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, ऋषि वैली हायर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय नरसिंहगढ़, संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया . इस दौरान विद्यालय में उपस्थित कक्षा 12वीं के कला एवं विज्ञान व वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों को कॉलेज में उपलब्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं सुविधाओं, शासन द्वारा चलित छात्रवृत्ति योजनाओं तथा नवीन शिक्षा नीति 2020 के स्वरूप के बारे में जागरूक किया गया . संयोजक डॉ . दीपक शाक्यवार ने बताया की इस अभियान के तहत विद्यार्थियों को शासन की योजनाओं से अवगत कराया जा रहा है . जिससे उन्हें बेहतर शिक्षा व सुविधाएं मिल सके . दल के रूप में डॉ . दिलीप गोस्वामी, गिरीश शर्मा, डॉ सुनीता गुप्ता, डॉ मीरा देवी, जयंल सूर्यवंशी, डॉ शशिकिरण अगत, श्रीमती पूनम मेहता, डॉ श्वेता साहू, श्रीमती भावना झोड़, श्री ब्रजेश कुमार शाक्यवार द्वारा दल का प्रतिनिधित्व किया जा रहा है .

# घंटा लेकर पहुंचे कांग्रेसी, पुलिस ने की पानी की बौछार

## इंदौर में दूषित पानी से मौतों को लेकर जिले भर में कांग्रेस ने की मंत्री कैलाशविजयवर्गीय के बयान की निंदा

### इंदौर की घटना पर इंकाईयों का प्रदर्शन

### प्रदेश सरकार के विरोध में नारेबाजी कर केबिनेट मंत्री का पुतला फूंका



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/सुठालिया 05 जनवरी, सं. इंदौर में दूषित पानी पीने से हुई मौत एवं नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा सोमवार को ब्यावरा एवं सुठालिया में विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया गया.**

ब्यावरा में दोपहर बाद पीपल चौराहा पर कार्यकर्ताओं नो घटना के विरोध एवं मंत्री द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर जमकर नारेबाजी की. मंत्री विजयवर्गीय से इस्तीफे की मांग की. कार्यकर्ताओं का कहना है कि प्रदेश की भाजपा सरकार इंदौर में दूषित पानी पिलाकर जनता को मरने पर मजबूर कर रही है कई लोग अस्पतालों में भर्ती है. शासन के केबिनेट व जिम्मेदार मंत्री अनर्गल बयानबाजी कर रहे है, ऐसे गैर जिम्मेदार मंत्री को पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है. इसी बीच मंत्री श्री विजयवर्गीय का पुतला दहन कर दिया गया. इस दौरान महेन्द्र यादव, रचना भार्गव, ब्लॉक अध्यक्ष राहुल दांगी, कपिल शिवहरे, पार्षद ज्ञानू विजयवर्गीय, शिव दांगी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे.

### इंकाइयों पर ठंडे पानी की बौछार

सुठालिया में बस स्टेण्ड पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मंत्री का पुतला दहन किया . प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कैलाश विजयवर्गीय से इस्तीफे की मांग की . पुलिस ने फायर ब्रिगेड से जलते हुए पुतले व कांग्रेसियों पर पानी की बोछार की . प्रदर्शनकारियों का कहना था कि प्रदेश की भाजपा सरकार इंदौर में दूषित पानी पिलाकर जनता को मरने पर मजबूर कर रही है कई लोग अस्पतालों में भर्ती हैं शासन के जिम्मेदार मंत्री अनर्गल बयानबाजी कर रहे है . इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन लोधी, पूर्व नप उपाध्यक्ष श्याम पालीवाल नप उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह परमार, हांसरोद सरपंच धीरप सिंह सौंधिया, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमन अरोरा, रामसिंह गोलाखेडा, अखिलेश पालीवाल, गिरीश नामदेव, ओम सोनगिरा, पर्वत सिंह सौंधिया, हाजी अब्दुल गफ्फार खान, रांझा खान, मिथुन सिलावट, सोहन सौंधिया, माही सौंधिया, रघुवीर सौंधिया, सरदार सौंधिया, राहुल जाटव, राधेश्याम लोधी, डॉ बैनी सेन, राधारमण पालीवाल, शानू खान, कैलाश वर्मा आदि उपस्थित रहे .

### नरसिंहगढ़ में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज, नरसिंहगढ़ 05 जनवरी, सं.** इंदौर में गंदे पानी की आपूर्ति से हुई मौतों तथा एक मीडिया कर्मी के साथ की गई अभद्रता के विरोध में युवा कांग्रेस ने शनिवार को नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जोरदार प्रदर्शन किया. नगर के छतरी चौराहा (नागर) पर आयोजित इस प्रदर्शन में युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष गिरिराज रुहेला के नेतृत्व एवं जिला अध्यक्ष अमन अरोरा की रूपरेखा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार और इंदौर नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की. प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस नेताओं ने इंदौर महापौर एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की. इसके पश्चात आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया. इस अवसर पर युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला महासचिव तेजस गुप्ते, पूर्व जिला महासचिव देवेंद्र गुर्जर, प्रदेश महासचिव अभिनव पंचोली, पूर्व नपाध्यक्ष मंजुलता शिवहरे, जिला उपाध्यक्ष गोविंद सिंह गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र बना सहित पार्षद दीपक शर्मा, संतोष सोनी, पार्षद प्रतिनिधि दीपक चौहान, जितेंद्र परिहार, सोनू बना, सोनू गुर्जर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे.



### अस्पताल के लेखापाल को निलंबित करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 05 जनवरी, का.** 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों के तत्काल व संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए गए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा सीएम हेल्पलाइन समीक्षा में अशोक कुमार राठौर, मंडी सचिव ब्यावरा के विरुद्ध संतुष्टिपूर्ण निराकरण न होने पर नियमानुसार कार्रवाई का प्रस्ताव आयुक्त को भेजने के निर्देश दिए गए. 15 जनवरी तक नरसिंहगढ़ व ब्यावरा को–ग्रेड में लाने के निर्देश भी दिए गए. तहसीलदार खिलचीपुर, सीईओ खिलचीपुर एवं सीईओ नरसिंहगढ़ को लंबित शिकायतों के निराकरण न करने पर अगली टीएल में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए. बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि डीआरसीएस द्वारा ई–ऑफिस लॉगिन नहीं करने पर आयुक्त को कार्यवाही हेतु लिखने के निर्देश दिए गए. सिविल सर्जन कार्यालय के लेखापाल द्वारा ई–ऑफिस लॉगिन न करने पर श्री जाटव को निलंबित करने के निर्देश दिए. तथा लोक सेवा गारंटी में 8 आवेदन समय सीमा बाहय होने पर सीईओ जनपद खिलचीपुर गोविंद सिंह सौलंकी पर 5 हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित करने के निर्देश दिए.

## भय की दीवार पर पुलिस का प्रहार



# सारंगपुर डकैती का आरोपी पारदी सरगना धराया

### पुलिस ने फरार कुख्यात पारदी गैंग के सरगना को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 05 जनवरी, सं. बीते 05–06 नवंबर की रात्रि को नगर के व्यापारी गोकुल दण्डवानी के घर पर डकैती करने वाले गिरोह ने एक अन्य सदस्य को पुलिस ने पकड़ लिया है. पारदी गैंग के 05–06 लोगो ने हथियारबंद होकर डकैती की योजना को अंजाम दिया था.**

फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपीगण के विरूद्ध अपराध क्र 763/25 धारा 312,115(2) बीएनएस इजाफा धारा 331(6) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया.पारदी गैंग पर लगातार दबिश दी जा रही है , दबिशो से इनके हौंसले परास्त हुये एवं गिरोह का एक और सदस्य आरोपी समीर



अपनी जान–माल बचाने ऊंची करनी पड़ी दीवार

पुलिस खाली हाथ: सुठालिया में 16 और सारंगपुर में 6 डकैतों द्वारा वारदातों के बाद व्यापारियों ने खुद किए सुरक्षा इंतजाम

जब–जब चोरी हुई, दीवार ही ऊंची करनी पड़ी, नहीं पकड़ाए अपराधी

जहां से डकैत नगर में घुसे, उसे चेक पाइंट बनाया

पिता मुकद्दर पारदी उम्र 24 साल नि. पारदी चक मुरादपुर थाना धरनावदा जिला गुना को गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार आरोपी समीर पिता मुकद्दर पारदी उम्र 24 साल नि. पारदी चक मुरादपुर थाना धरनावदा जिला गुना धराया है. कार्यवाही में अरविंद सिंह अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सारंगपुर,निरीक्षक आकांक्षा हाडा थाना प्रभारी सारंगपुर,उनि जितेन्द्र अजनारे थाना प्रभारी कालीपीठ, सउनि शादाब खान (महिला थाना), सउनि आनंदीलाल भिलाला,चेतन, आदित्य, विकास यादव, धर्मेन्द्र जायसवाल, बनवारी गुर्जर, राकेश चौखटिया थाना सारंगपुर शामिल है. पुलिस ने कहा कि बचे आरोपी भी जल्द हिरासत में होंगे.

### आईटीआई की छात्रा मुस्कान की हो रही प्रतिमाह 29 हजार रुपये की आय

**राजगढ़ 05 जनवरी,** राजगढ़ जिले के ग्राम करेड़ी निवासी सुश्री मुस्?कान गौड़ बताती है कि वह बहुत गरीब परिवार से है। उनके परिवार की स्थिति ठीक नहीं थी। मुस्?कान 12 वीं पास करने के बाद आईटीआई राजगढ़ में एडमीशन लिया और आईटीआई की फिटरी ट्रेड का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण प्राप्त उपरांत मारूति सुजुकी गुरूग्राममें इंटरव्यू के माध्यम से मेरा चयन हुआ है।अब मैं मारूति सुजुकी कम्पनी में प्रतिमाह 29 हजार रूपये सैलरी प्राप्त कर रही हूं।

# गायों को भूख और ठंड से बचाने युवाओं ने उठाया बीड़ा

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 05 जनवरी, का.** जिले के चाटूखेड़ा कस्बे के युवाओं द्वारा गौसेवा का बीड़ा उठाते हुए गौवंश के लिए चारा–पानी के साथ ही ठंड से बचाव की समुचित व्यवस्था की है. करीब 15 दिनों में यहां 40 से अधिक युवाओं ने मिलकर 500 से अधिक बेसहारा गायों के लिए सुरक्षित आश्रय, चारा–पानी, चिकित्सकीय देखभाल और ठंड से बचाव की व्यवस्था की है. यह किसी संस्था या सरकारी योजना से नहीं, बल्कि युवाओं द्वारा स्वयं आगे आकर गौसेवा का कार्य किया जा रहा है. युवाओं ने आपसी सहयोग कर गायों के लिए सुरक्षित बाउंड्री बनवाई, ताकि वे खुले में भटकने और हादसों से बच सके. इसके साथ ही चारा और पानी की नियमित सप्लाई सुनिश्चित की. ठंड बढ़ने पर युवाओं ने अपने स्तर पर छाया, पर्दे और अलाव की व्यवस्था की, ताकि रात के समय गाय ठंड से बीमार न पड़ें. परिसर की सफाई, गोबर उठाने और बीमार,घायल गायों की देखभाल की भी जिम्मेदारियां संभाली. युवा कमल सोंधिया, गोरीलाल दांगी, श्याम सोंधिया, भगवान सिंह दांगी, रामकरण सोंधिया, आकाश सोंधिया, पवन दांगी, महेंद्र जयसवाल, सुनील दांगी, जगदीश दांगी, ईश्वर सोंधिया, हरिओम सोंधिया, टिंकू भिलाला, मनीष भिलाला, गोविंद सोंधिया, शिवराज सोंधिया, कपिल कारपेंटर, ब्रजमोहन सोंधिया, विशाल सोंधिया, पंकज दांगी, अरविंद सोंधिया, गुलाब सिंह प्रजापति, रामबाबू दांगी पटेल, दीपक सोंधिया, दीपक जयसवाल, कान्हा सोंधिया, अजय शर्मा, एलकार सोंधिया, कबीर सोनी, ब्रज सोंधिया काका, विवेक अग्रवाल, टिन्नू अग्रवाल, नितिन कारपेंटर, राजू जयसवाल, प्रकाश भिलाला, पवन सोनी, सुरेंद्र सोंधिया, अंकित शिवहरे, राजू सोंधिया, पाटन, विक्रम सोंधिया, शिवम भिलाला, श्याम सिंह सोंधिया, संतोष भिलाला, ब्रज मोहन सोंधिया, रामनारायण दांगी, चोथमल दांगी, ब्रज मोहन दांगी, बंटी वर्मा, रामेंद्र सोंधिया सहित 40 से अधिक युवा लगातार गौसेवा में लगे हुए है.

# 50 मीटर के दायरे में अतिक्रमण पर चला प्रशासनिक बुलडोजर

नवभारत न्यूज

**पड़ाना 05 जनवरी, सं.** केंद्रीय सड़क निधि द्वारा स्वीकृत मऊ से तलेन तक लगभग 25 किलोमीटर के दायरे में 65 करोड़ की लागत से गोडेट कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा निर्माण कार्य जारी है. जिसके चलते नगर के सदर बाजार में रोड पर कंपनी ठेकेदार को 7 मीटर सीसी सड़क बनाने के लिए उक्त बाजार के 50 मीटर के दायरे में केंद्रीय सड़क निधि द्वारा स्वीकृत सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण शुक्रवार सारंगपुर एसडीएम रोहित ब्रम्होर तहसीलदार आकाश शर्मा पटवारी टीम सहित अन्य प्रशासनिक अमले ने मुआयना कर कांडरा



मोहल्ले से लगा मेन सड़क सदर बाज़ार मार्ग से हाड़वाड़ी वाले जाने वाले सड़क मार्ग तक नापतोलकर चिन्हित किया गया. इस मौके पर लोक निर्माण विभाग अधिकारी सहित गोटेड कंस्ट्रक्शन कंपनी के मैनेजर प्रोजेक्ट मैनेजर एवं कर्मचारी व ग्राम पंचायत कर्मी उपस्थित रहे. इसी कड़ी में शनिवार ग्राम पंचायत पडाना द्वारा हाड़वाड़ी जाने वाले मार्ग से कंडारा मोहल्ला मंसूरी मस्जिद के दरमियान आने वाले कच्चे पक्के चबूतरे वाले मकान मालिकों को सुबह 11 नोटिस दिए गए. तत्पश्चात शाम को फिर ग्राम पंचायत द्वारा नोटिस दिए गए. ऐसे में कुल मिलाकर दो हिस्से में 16 मकान मालिकों को नोटिस देकर सूचित किया कि ग्राम पंचायत की बिना अनुमति से औटले एवं चबूतरे का निर्माण किया गया. वर्तमान में लोक निर्माण विभाग को सड़क की चौड़ाई के लिए जगह की जरूरत है. इस कारण आप अपनी स्वेच्छा से सड़क निर्माण कार्य में बाधा बन रहे ओटले एवं चबूतरे स्वयं तोड़कर कार्यालय को सूचना देवे. जिसके चलते कुछ मकान मालिकों ने अपने सामने के होटल चबूतरे तोड़ने का कार्य किया था लेकिन सोमवार प्रशासनिक अमला दो बुलडोजर के साथ चिन्हित की गई जगह पर पहुंचा और बची हुई जगह को जेसीबी के द्वारा तोड़ा गया. इस मौके पर एसडीएम रोहित बम्होर, तहसीलदार आकाश शर्मा, लोक निर्माण विभाग एसडीओ पीके शर्मा, हल्का पटवारी पंचायत कर्मी सहित पुलिस बल उपस्थित रहा.

### हिन्दू सम्मेलन में साध्वी ने किया एकजुटता का आव्हान

**नवभारत न्यूज, पडाना 05 जनवरी, सं.** ग्राम मऊ में हिंदू सम्मेलन के तहत नगर के रामलीला मंडल चौक से साधु संतों के साथ महापुरुषों की झांकी, कलश यात्रा निकाली गई. साध्वी सरस्वती दीदी, कबीरपंथी गोपाल दास महाराज,खेड़ापति हनुमान पुजारी गुरु चरणदास महाराज, जिला प्रचारक दीपक तोमर ने गौ माता पूजन किया. तत्पश्चात वीर शिवाजी संगठन की बालिकाओं द्वारा शौर्य प्रदर्शन किया. मुख्य वक्ता के रूप में साध्वी सरस्वती दीदी ने हिंदू समाज को एकजुट रहने का आवाहन किया. उन्होंने महिलाओं को शक्ति का प्रतीक बताया. संघ जिला प्रचारक दीपक तोमर ने संघ शताब्दी के 100 वर्ष पूरे होने पर आरएसएस के उद्देश्य से अवगत कराया. इस मौके पर मंडल के अंतर्गत आने वाले बरुखेड़ी धनोरा भूराखेड़ी नारायणपुर चतरुखेड़ी सहित मऊ नगर के सकल हिंदू समाज मातृशक्ति बड़े बुजुर्ग नन्हे मुन्ने बच्चे उपस्थित रहे. तत्पश्चात एकरूपता के साथ सहजभोग किया गया.

# प्रतिभा किसी जेंडर की मोहताज नहीं होती, मंच से निखरती



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 05 जनवरी, सं.** समावेशी कप 2026 के जिला–स्तरीय लीग मैच आवास स्टेडियम ग्राउंड में पूरे उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना के साथ संपन्न हुए, जिसमें राज्य स्तर के लिए आवास टीम विजेता रही. जहां 8 मिक्स्ड–जेंडर टीमों के 104 खिलाडियों ने भाग लिया.

मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी, विशेष अतिथि डा.राम किरार, पर्यवेक्षक–महिला एवं बाल विकास विभाग उपस्थित रहे. विधायक दांगी ने कहा लोग ये सोचते हैं कि बालिकाएं खेल के क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ सकती, जीरापुर में यह पहला प्रयोग है जहाँ समावेशी कप जैसे मिश्रित जेंडर क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन में बालिकाओं ने भाग लिया. सादलपुर एवं आवास बस्ती के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया जहाँ आवास बस्ती टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में 86 रनों का लक्ष्य दिया, जबाव में सादलपुर टीम 48 रन ही बना सकी. आवास बस्ती टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 38 रन से लीग मैच का फाइनल जीत कर राज्य–स्तरीय सुपर 16 राउंड के लिए क्वालिफ़ाई किया. जिया मालाकार ने एक ओवर में 3 विकेट लेकर उत्कृष्ट खिलाड़ी का अवार्ड अपने नाम किया. विजेता टीम को अतिथियों ने 3000 रुपए एवं उपविजेता टीम को 2000 रुपए की राशि, शील्ड और प्रमाणपत्र दिए. उल्लेखनीय है कि समावेशी कप 2026 का आयोजन सिनर्जी संस्थान हरदा द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नेहरू स्टेडियम में होने वाले राज्य–स्तरीय मुकाबलों में भाग लेंगी, जिन्हें पुरूस्कृत किया जावेगा. समावेशी कप का मुख्य उद्देश्य खेल के माध्यम से लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है. इस आयोजन की सफलता में कोच, स्वयंसेवकों, अंपायर, अभिभावकों, स्थानीय प्रशासन, समुदाय और सिनर्जी टीम का अहम योगदान रहा. जिला लीड सुश्री संतोष सेन, समावेशी कप लीड– रवि राजपूत, सीईओ विमल जाट मौजूद थे.

**आयोजन** जिले भर में हिन्दू सम्मेलनों में जुट रहे लोग, आध्यात्मिक गुरु दे रहे उद्बोधन

# हिन्दू सनातन संस्कृति का हिस्सा जो सबको लेकर चलती है





नवभारत न्यूज

**जीरापुर 05 जनवरी, सं.** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ शताब्दी वर्ष के तहत विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन जेतपुरा कलां मंडल में हुआ. हिन्दू सम्मेलन सकल हिन्दू समाज के सहभोज के साथ सम्पन्न हुआ. भागवत कथाकार अनुराग शर्मा ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में बताया कि बच्चों को मोबाइल नहीं शस्त्र और शास्त्र की शिक्षा देना चाहिए. साथ ही मन्दिर, पानी, शमशान सबके लिए एक समान का आव्हान किया. हिन्दू जागृति का यह समय है हमें एकजुटता की आवश्यकता है. सम्मेलन में मुख्य वक्ता जिला सहसम्पर्क प्रमुख गोविन्द कारपेंटर ने कहा कि आज हम सब यहां एकत्र हुए हैं उस पावन अवसर पर, जो न केवल हमारे संगठन का शताब्दी वर्ष है, बल्कि भारतीय राष्ट्र की आत्मा का एक नया जागरण भी. सम्मेलन में आसपास ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में युवा सहित महिला पुरुष शामिल हुए.

### हिन्दू सम्मेलन को लेकर मंडी परिसर का निरीक्षण

**सारंगपुर 05 जनवरी, सं.** संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर 22 जनवरी को सारंगपुर हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर समाजजनों द्वारा मंडी परिसर का निरीक्षण किया गया. कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं, प्रवेश–निकास मार्ग, पार्किंग, मंच निर्माण, पेयजल, विद्युत व्यवस्था एवं स्वच्छता सहित विभिन्न आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई. सम्मेलन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है और विभिन्न समाज संगठनों द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सक्रिय रूप से तैयारियां की जा रही हैं।समाजजनों ने कहा कि यह सम्मेलन सारंगपुर के लिए गौरव का विषय होगा और बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता से इसे ऐतिहासिक बनाने का प्रयास किया जाएगा.

### बावड़ीखेड़ा में निकला आकर्षक चल समारोह

**नवभारत न्यूज, तलेन 05 जनवरी, सं .** समीपस्थ ग्राम बावड़ीखेड़ा में विशाल हिंदू सम्मेलन रविवार को सम्पन्न हुआ . संघ शताब्दी वर्ष की श्रृंखला में हुए इस आयोजन में 8 गांवों के सभी सनातनी हिन्दू एकत्र हुए . जिसमें अमलार, रामपुरा, बमौरा जागीर, मालाखेड़ी, फूलपुरा, टिकरिया ओर शहवाजपुरा सभी गांव के लोग चलित झाकियां लेकर उत्साह के साथ शामिल हुए . चल समारोह गांव के सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुआ जो गांव के मुख्य मार्ग से होकर आनंद नगर स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा . आगंतुक अतिथियों का स्वागत गांव के पटेल द्वारा किया गया . स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी गई . उसके उपरांत मुख्य वक्ता के रूप में पधारे संत रघुनाथ दास महाराज द्वारा संबोधित किया गया . मंच पर संत समाज से खेड़ापति हनुमान मंदिर तलेन के महंत रामकृष्ण भारती जूना अखाड़ा जूनागढ गुजरात द्वारा भारत माता की आरती की .